

# स्कूल में उपस्थिति सुधारने के लिए मिलकर काम करना

## *स्कूलों के लिए टूलकिट*

स्कूल उपस्थिति के संबंध में स्थानीय प्राधिकारियों और स्कूलों के लिए नई वैधानिक जिम्मेदारियों को लागू करने की तैयारी में, यहां ऐसी जानकारी के साथ टूलकिट है, जो अपने माता-पिता को संदेश देते समय आपको उपयोगी लग सकती है।

- **वेबसाइट की सामग्री**
- **स्कूल के समाचार पत्र**
- **पत्र की सामग्री**
- **सोशल मीडिया**
- **टेक्स्ट**

CITY OF WOLVERHAMPTON COUNCIL

# वेबसाइट की सामग्री

**महत्वपूर्ण अपडेट: शिक्षा-संबंधी पेनल्टी नोटिसों में परिवर्तन**

आप शायद जानते हों कि शिक्षा विभाग ने हाल ही में पेनल्टी नोटिस में राष्ट्रीय स्तर पर परिवर्तनों की घोषणा की है।

यह टर्म समय के दौरान अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए जारी किया गया है और यह 19 अगस्त 2024 से प्रभावी होगा।

**क्या बदल रहा है?**

19 अगस्त 2024 से शुरू करते हुए, अपराधों के लिए जारी किए गए पेनल्टी नोटिसों पर प्रति माता/पिता प्रति बच्चा £160 की नई दर से शुल्क लिया जाएगा। हालाँकि, यदि 21 दिनों के भीतर भुगतान किया जाता है, तो यह राशि घटकर £80 हो जाती है।

**यह क्यों मायने रखता है?**

आपके बच्चे की शैक्षिक प्रगति के लिए स्कूल में नियमित उपस्थिति निर्णायक है। उपस्थित रहने से बच्चों को स्थायी मित्रता बनाने, आवश्यक पारस्परिक कौशल विकसित करने, तथा बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में योगदान करने का अवसर मिलता है।

**अनधिकृत अनुपस्थितियां और जुर्माने:**

- माता-पिता को राष्ट्रीय ढांचा थ्रेशहोल्ड के बारे में जानकारी होनी चाहिए।
- पहली बार अपराध करने वालों को प्रति माता/पिता प्रति बच्चा £160 का जुर्माना देना होगा, जो 21 दिनों के भीतर भुगतान करने पर घटकर £80 हो जाएगा।
- दूसरी बार अपराध करने वालों (3 वर्षों के भीतर) को प्रति माता-पिता, प्रति बच्चा £160 का भुगतान करना होगा।
- तीसरे अपराध पर कानूनी कार्रवाई और £1000 तक का जुर्माना हो सकता है।

**अपने बच्चे की शिक्षा की सुरक्षा करें:**

सूचित रहें और परिवर्तनों और वे आपके बच्चे की उपस्थिति को कैसे प्रभावित करते हैं, के बारे में पूरी जानकारी के लिए ***XX** (school to include link to own page that includes details about attendance)* पर जाएं।

'राष्ट्रीय ढांचा थ्रेशहोल्ड' के बारे में अधिक जानकारी इस वेबसाईट पर मिल सकती है: *स्कूल में उपस्थिति सुधारने के लिए मिलकर काम करना (19 अगस्त 2024 से लागू होता है) (publishing.service.gov.uk)* पृष्ठ 54.

स्कूल आपकी सहायता करने के लिए मौजूद है, यदि आप ऊपर बताई गई किसी भी बात पर चर्चा करना चाहते हैं तो संपर्क करें।

# स्कूल समाचार-पत्र

**महत्वपूर्ण अपडेट: टर्म समय के दौरान अनाधिकृत छुट्टी पर**

हम सभी माता-पिता और अभिभावकों को टर्म समय के दौरान अनधिकृत अनुपस्थितियों के लिए पेनल्टी नोटिस में महत्वपूर्ण परिवर्तनों के बारे में सूचित करना चाहते हैं, जो 19 अगस्त 2024 से प्रभावी होंगे।

*आपको क्या जानने की ज़रूरत है:*

- नई पेनल्टी दरें: £160 प्रति माता/पिता प्रति बच्चा। यदि 21 दिनों के भीतर निपटान किया जाता है तो £80 का भुगतान करें।
- दूसरी पेनल्टी: बिना किसी छूट के £160, यदि उसी बच्चे के लिए 3 वर्ष के भीतर जारी किया जाता है।
- थ्रेशहोल्ड (शुरुआती-आधार): 10 स्कूल सप्ताहों में 10 सत्रों (5 दिन) की अनाधिकृत अनुपस्थिति के बाद पेनल्टी नोटिस (वुल्वरहैम्प्टन सिटी काउंसिल के पेनल्टी नोटिस आचार संहिता के अनुसार)।
- सीमा: 3 वर्षों के भीतर प्रति बच्चा अधिकतम 2 पेनल्टी नोटिस। आगे और अपराधों के परिणामस्वरूप मुकदमा चलाया जा सकता है।

ये परिवर्तन आपके बच्चे की शिक्षा के लिए स्कूल में लगातार उपस्थिति के महत्व पर जोर देते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे स्कूल ऑफिस में जाएँ या हमसे सीधे संपर्क करें।

# पत्र टेम्पलेट

**महत्वपूर्ण अपडेट: टर्म समय के दौरान अनाधिकृत छुट्टी में परिवर्तन**

प्रिय माता-पिता और अभिभावको,

हम आपको शिक्षा विभाग द्वारा टर्म समय के दौरान अनाधिकृत अनुपस्थितियों के संबंध में हाल ही में घोषित परिवर्तनों के बारे में सूचित करना चाहते हैं। ये परिवर्तन 19 अगस्त 2024 से प्रभावी हो जाएंगे।

*ध्यान देने योग्य प्रमुख परिवर्तन:*

- नई पेनल्टी दरें: 19 अगस्त 2024 से, अनधिकृत अनुपस्थितियों के लिए पेनल्टी नोटिसों पर प्रति माता/पिता प्रति बच्चा £160 का शुल्क लिया जाएगा। यदि 21 दिनों के भीतर भुगतान किया जाता है तो राशि घटकर £80 हो जाएगी।
- दूसरी बार अपराध करने पर पेनल्टी: यदि 3 वर्ष की अवधि के भीतर उसी बच्चे के लिए दूसरा पेनल्टी नोटिस जारी किया जाता है, तो शुल्क £160 होगा, जिसमें कोई छूट नहीं होगी, तथा इसका भुगतान 28 दिनों के भीतर करना होगा।
- पेनल्टी नोटिसों के लिए थ्रेशहोल्ड: यदि लगातार 10-स्कूल सप्ताह की अवधि में 10 सत्रों (5 दिनों के बराबर) की अनाधिकृत अनुपस्थिति होती है, तो पेनल्टी नोटिस पर विचार किया जाएगा। इसमें रजिस्टर बंद होने के बाद देर से आना भी शामिल है। ये 10 स्कूल सप्ताह अलग-अलग टर्मों या स्कूल वर्षों में फैले हो सकते हैं।
- पेनल्टी नोटिसों पर सीमा: 3 वर्ष की अवधि में एक ही बच्चे के लिए माता/पिता को अधिकतम 2 पेनल्टी नोटिस जारी किए जा सकते हैं। आगे और अपराध करने के परिणामस्वरूप मुक़दमा चला जा सकता है या अन्य कानूनी हस्तक्षेप किया जा सकता है।

**स्पष्टता के लिए उदाहरण:**

1. 19 अगस्त 2024 से पहले अनुपस्थितियां: यदि अनधिकृत अनुपस्थिति 19 अगस्त 2024 से पहले होती है, तो पेनल्टी नोटिस मौजूदा नियमों और दरों (£60/£120) के अनुसार होगा। इन अनुपस्थितियों को नए बढ़ाने के नियमों के अंतर्गत नहीं गिना जाएगा।

   उदाहरण के लिए, यदि कोई माता/पिता जुलाई 2024 में बच्चे को 10 सत्रों के लिए स्कूल से बाहर ले जाता है, तो उसे पुराने नियमों के तहत पेनल्टी नोटिस प्राप्त होगा, भले ही नोटिस सितंबर में जारी किया जाए।

2. 19 अगस्त 2024 के बाद अनुपस्थितियां: 19 अगस्त 2024 के बाद होने वाली अनधिकृत अनुपस्थितियों के लिए, नए नियम और दरें (£80/£160) लागू होंगी। इन्हें नए बढ़ाने के नियमों के अंतर्गत गिना जाएगा।

उदाहरण के लिए, सितंबर 2024 में अपने बच्चे को 5 दिनों के लिए स्कूल से बाहर ले जाने वाले माता/पिता नए विनियमों के अधीन होंगे।

हम उम्मीद करते हैं कि यह जानकारी नए परिवर्तनों को स्पष्ट करने में सहायक होगी। आपके बच्चे की शिक्षा और विकास के लिए नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

अधिक जानकारी के लिए या यदि आपके कोई प्रश्न हों तो कृपया स्कूल कार्यालय से संपर्क करें।

*सादर प्रणाम,*

[Your School’s Name]

# सोशल मीडिया पोस्ट

⭐ महत्वपूर्ण अपडेट: माता-पिता के लिए ⭐

19 अगस्त 2024 से शुरू करते हुए अनधिकृत अनुपस्थितियों के लिए नए दिशानिर्देश लागू होंगे:

प्रमुख बिंदु:

1. नई पेनल्टी दरें: प्रति माता/पिता, प्रति बच्चा £160, यदि 21 दिनों के भीतर भुगतान किया जाए तो £80।
2. 3 वर्षों के भीतर दूसरा अपराध: £160 बिना किसी छूट के।
3. 10 स्कूल सप्ताहों में 10 सत्रों (5 दिन) की अनाधिकृत अनुपस्थिति के बाद पैनल्टी।
4. 3 वर्ष में प्रति बच्चा अधिकतम 2 पैनल्टियां। आगे और अपराधों के कारण मुक़दमा चलाया जा सकता है।

नियमित उपस्थिति आपके बच्चे की सफल होने में मदद करती है! अगर आपके पास कोई सवाल है तो हमसे संपर्क करें। 📚🖊️

---

पेनल्टी नोटिस में परिवर्तन: ⚠️

- टर्म के समय अनाधिकृत छुट्टियों के परिणामस्वरूप जुर्माना लगाया जा सकता है।
- माता-पिता, राष्ट्रीय ढांचा शुरुआती-आधार के बारे में जागरूक रहें।
- पहली बार अपराध करने वालों को प्रति माता/पिता, प्रति बच्चा £80 का जुर्माना देना होगा (यदि 21 दिनों के भीतर भुगतान किया जाता है), जो 22 से 28 दिनों के बीच भुगतान करने पर £160 हो जाएगा।
- दूसरी बार अपराध करने वालों (3 वर्षों के भीतर) को प्रति माता-पिता, प्रति बच्चा £160 का भुगतान करना होगा।
- तीसरे अपराध पर कानूनी कार्रवाई और £1000 तक के जुर्माने हो सकते हैं। अपने बच्चे की शिक्षा की सुरक्षा करें!

📝 अधिक जानकारी के लिए https://www.wolverhampton.gov.uk/education-and-schools/school-attendance पर जाएं।

---

📚 माता-पिता, कृपया उपस्थिति और अनाधिकृत अवकाश से संबंधित नए विनियमों के बारे में जानकार रहें।
किसी भी पेनल्टियों से बचने के लिए परिवर्तनों के बारे में जानें।

📝 अधिक जानकारी के लिए https://www.wolverhampton.gov.uk/education-and-schools/school-attendance पर जाएं।

---

उपस्थिति मायने रखती है: 📚
आपके बच्चे की उपलब्धि, भलाई और समग्र विकास के लिए स्कूल में नियमित उपस्थिति महत्वपूर्ण है। सबूत दर्शाते हैं कि उच्च उपस्थिति वाले छात्र परीक्षाओं और मूल्यांकनों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

आइये, उन उपस्थिति रिकार्डों मजबूत बनाए रखें! 💪

# टेक्स्ट संदेश

स्कूल से सूचना:

19 अगस्त 2024 से अनधिकृत अवकाश पेनल्टियों में परिवर्तन। प्रति माता/पिता, प्रति बच्चा £160 (यदि 21 दिनों में भुगतान किया जाए तो £80)। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें या स्कूल ऑफिस से संपर्क करें।

---

⭐ माता-पिता के लिए महत्वपूर्ण अपडेट ⭐

अनाधिकृत अवकाश पेनल्टियों में परिवर्तन 19 अगस्त 2024 से शुरू होती हैं! अधिक जानकारी के लिए स्कूल की वेबसाइट पर जाएं।

इस टूलकिट का उपयोग करके, स्कूल विभिन्न प्लेटफार्मों पर माता-पिता को अनधिकृत अवकाश पेनल्टियों में परिवर्तनों के बारे में प्रभावी ढंग से बता सकते हैं, ताकि स्पष्टता और समझ सुनिश्चित हो सके।

यदि आपको अधिक जानकारी चाहिए, तो कृपया attendanceandinclusion@wolverhampton.gov.uk पर ईमेल करके अटेन्डन्स टीम से संपर्क करें